ಕರ್ನಾಟಕ ಸರ್ಕಾರ

ಜಿಲ್ಲಾಡಳಿತ, ಜಿಲ್ಲಾ ಪಂಚಾಯತ ಧಾರವಾಡ,

**ಉಪನಿರ್ದೇಶಕರ ಕಚೇರಿ, ಶಾಲಾ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆ, ಧಾರವಾಡ**






# ವಿಷಯ : ಹಿಂದಿ (ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ)

**ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ ಪರೀಕ್ಷೆಯಲ್ಲಿ ಯಶಸ್ವಿಯಾಗಲು ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಸ್ನೇಹಿ ಅಧ್ಯಯನ ಸಂಪನ್ಮೂಲ**

**ಸಹಕಾರ**

ಉಪನಿರ್ದೇಶಕರು (ಆಡಳಿತ) ಹಾಗೂ (ಅಭಿವೃದ್ಧಿ)

ಶಿಕ್ಷಣಾಧಿಕಾರಿಗಳು, ಜಿಲ್ಲಾ ಯೋಜನಾ ಉಪಸಮನ್ವಯಾಧಿಕಾರಿಗಳು, ಕ್ಷೇತ್ರಶಿಕ್ಷಣಾಧಿಕಾರಿಗಳು,

ವಿಷಯ ಪರಿವೀಕ್ಷಕರು ಮತ್ತು ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾ ಪರಿವಾರ

## ಕಲ್ಪನೆ

**ಶ್ರೀಮತಿ ದಿವ್ಯ ಪ್ರಭು**
ಮಾನ್ಯ ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿಗಳು, ಧಾರವಾಡ.

## ಮಾರ್ಗದರ್ಶನ

**ಶ್ರೀ ಎಸ್. ಎಸ್. ಕೆಳದಿಮಠ**
ಮಾನ್ಯ ಉಪನಿರ್ದೇಶಕರು (ಆಡಳಿತ) ಶಾಲಾ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆ, ಧಾರವಾಡ.

## ಸಲಹೆಗಾರರು

**ಡಾ ॥ ರೇಣುಕಾ ಅಮಲ್ಝರಿ**
ಮಾನ್ಯ APCO RMSA ಶಾಲಾ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆ, ಧಾರವಾಡ.

## ಸಂಪನ್ಮೂಲ ಶಿಕ್ಷಕರ ತಂಡ

- **ಶ್ರೀ ಕೆ. ಆಯ್. ಕೊಂಗಿ**
  ಗರ್ಲ್ಸ್ ಇಂಗ್ಲೀಷ್ ಸ್ಕೂಲ್ ಕಲಘಟಗಿ
- **ಡಾ ॥ ಶಿಲ್ಪಾ ಚರಂತಿಮಠ**
  ಸರಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ ಸಂಶಿ, ಕುಂದಗೋಳ
- **ಶ್ರೀ ಅನ್ವರಹುಸೇನ ಸನದಿ**
  ಸರಕಾರಿ ಪ್ರೌಢಶಾಲೆ ನಾಗಶೆಟ್ಟಿಕೊಪ್ಪ ಹುಬ್ಬಳ್ಳಿ ಶಹರ

**ಕರ್ನಾಟಕ ಸರಕಾರ**

**ಜಿಲ್ಲಾಡಳಿತ ಧಾರವಾಡ**



**ಶ್ರೀಮತಿ ದಿವ್ಯಪ್ರಭು ಜಿ.ಆರ್.ಜೆ.** ಭಾ.ಆ.ಸೇ

**ಮಾನ್ಯ ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿಗಳು ಹಾಗೂ**
**ಜಿಲ್ಲಾ ದಂಡಾಧಿಕಾರಿಗಳು, ಧಾರವಾಡ ಜಿಲ್ಲೆ, ಧಾರವಾಡ.**

---

# ಆಶಯ

ಪ್ರಿಯ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳೇ,

ಈ ಸಂದೇಶವು ನಿಮ್ಮಲ್ಲಿ ಶ್ರದ್ಧೆಯಿಂದ ಓದುವ ಮತ್ತು ಆತ್ಮವಿಶ್ವಾಸದಿಂದ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ ಪರೀಕ್ಷೆಯನ್ನು ಎದುರಿಸಿ ಉತ್ತಮ ಫಲಿತಾಂಶವನ್ನು ಪಡೆಯುವ ಶಕ್ತಿಯನ್ನು ತುಂಬುತ್ತದೆ ಎಂದು ನಾನು ಭಾವಿಸುತ್ತೇನೆ.

ಧಾರವಾಡ ಜಿಲ್ಲೆಯ ಶಿಕ್ಷಣ ತಜ್ಞರೆಲ್ಲ ಸೇರಿಕೊಂಡು, "ಮಿಷನ್ ವಿದ್ಯಾಕಾಶಿ" ಎಂಬ ಪರೀಕ್ಷಾ ಫಲಿತಾಂಶ ಸುಧಾರಣಾ ಯಶಸ್ಸಿನ ಓಟಕ್ಕೆ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳಾದ ತಮ್ಮನ್ನೆಲ್ಲ ಸಿದ್ಧಗೊಳಿಸಲು ಸನ್ನದ್ಧರಾಗಿದ್ದಾರೆ. ನಿಮ್ಮಲ್ಲಿ ಪ್ರತಿಯೊಬ್ಬರೂ ಪ್ರತಿಭೆ, ಸಾಮರ್ಥ್ಯ ಮತ್ತು ಕನಸುಗಳನ್ನು ಹೊಂದಿದ್ದೀರಿ, ಅದು ಸಾಕಾರಗೊಳ್ಳಲು ಕಾಯುತ್ತಿದೆ. ನಿಮ್ಮ ಉತ್ತಮ ಭವಿಷ್ಯಕ್ಕೆ ಮತ್ತು ಮಹೋನ್ನತ ಗುರಿಯ ಸಾಧನೆಗೆ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆಯು ಮಹತ್ವದ ಘಟ್ಟವಾಗಿದೆ. ಈ ಪರೀಕ್ಷೆಯಲ್ಲಿ ಉತ್ತಮ ಅಂಕ ಗಳಿಸಲು ನಿರಂತರ ಅಧ್ಯಯನದ ಅವಶ್ಯಕತೆ ಇದೆ. ಹಾಗಾದರೆ ದಿನನಿತ್ಯದ ನಮ್ಮ ಅಧ್ಯಯನ ಹೇಗಿರಬೇಕು? ಎಂಬ ಪ್ರಶ್ನೆಯು ಪ್ರತಿಯೊಬ್ಬರನ್ನೂ ಕಾಡಿರುತ್ತದೆ. ಈ ಕುರಿತಂತೆ ಮಹಾತ್ಮ ಗಾಂಧೀಜಿಯವರು 'ನಾವು ಏನನ್ನು ಓದುತ್ತೇವೆಯೋ ಅದರ ಬಗ್ಗೆ ಚಿಂತಿಸಬೇಕು, ಅದನ್ನು ಜೀರ್ಣಿಸಿಕೊಳ್ಳಬೇಕು ಹಾಗೂ ಅದು ನಮ್ಮ ದಿನನಿತ್ಯ ಜೀವನದ ಒಂದು ಅವಿಭಾಜ್ಯ ಅಂಗವಾಗಿರಬೇಕು' ಎಂದು ಹೇಳಿದ್ದನ್ನು ಮೆಲುಕು ಹಾಕುತ್ತಾ ಪ್ರತಿ ದಿನ ತರಗತಿಯಲ್ಲಿ ಶಿಕ್ಷಕರು ತಿಳಿಸುವ ವಿಷಯಗಳನ್ನು ಸರಿಯಾಗಿ ಮನನ ಮಾಡಿಕೊಂಡು ಪುನಃ ಪುನಃ ದೃಢೀಕರಿಸಿಕೊಳ್ಳಲು ಪ್ರಾಮಾಣಿಕ ಪ್ರಯತ್ನ ಮಾಡಬೇಕು.

ಪ್ರಸ್ತುತ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆಗೆ ಹಾಜರಾಗುತ್ತಿರುವ ಎಲ್ಲ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳೂ ಪರೀಕ್ಷೆಯಲ್ಲಿ ಉತ್ತಮ ಅಂಕ ಗಳಿಸಲು ಸರಳವಾಗಿ ಮತ್ತು ಸುಲಭವಾಗಿ ತಿಳಿಯುವಂತೆ ಪೂರಕ ಸಾಹಿತ್ಯವನ್ನು ಸಂಪನ್ಮೂಲ ಶಿಕ್ಷಕರ ಸಹಕಾರದೊಂದಿಗೆ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಲಾಗಿರುತ್ತದೆ. ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು ಈ ಕಲಿಕಾ ಸಂಪನ್ಮೂಲವನ್ನು ಸದುಪಯೋಗಪಡಿಸಿಕೊಂಡು ಉತ್ತಮವಾದ ಫಲಿತಾಂಶವನ್ನು ಪಡೆಯಲಿ ಮತ್ತು ರಾಜ್ಯದಲ್ಲಿ ಧಾರವಾಡ ಜಿಲ್ಲೆಯ ಪ್ರತಿಶತ ಫಲಿತಾಂಶವೂ ಕೂಡ ಹೆಚ್ಚಾಗಲಿ ಎಂದು ಶುಭ ಹಾರೈಸುತ್ತೇನೆ.

**ಶ್ರೀಮತಿ ದಿವ್ಯಪ್ರಭು ಜಿ.ಆರ್.ಜೆ.** ಭಾ.ಆ.ಸೇ
ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿಗಳು ಹಾಗೂ ಜಿಲ್ಲಾ ದಂಡಾಧಿಕಾರಿಗಳು,
ಧಾರವಾಡ ಜಿಲ್ಲೆ, ಧಾರವಾಡ.

## ಕರ್ನಾಟಕ ಸರಕಾರ

## ಜಿಲ್ಲಾಡಳಿತ, ಜಿಲ್ಲಾ ಪಂಚಾಯತ್ ಹಾಗೂ ಶಾಲಾ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆ ಧಾರವಾಡ



**ಶ್ರೀ ಎಸ್. ಎಸ್. ಕೆಳದಿಮಠ,** ಮಾನ್ಯ ಉಪನಿರ್ದೇಶಕರು

**ಮಾನ್ಯ ಉಪನಿರ್ದೇಶಕರು,**
**ಶಾಲಾ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆ (ಆಡಳಿತ), ಧಾರವಾಡ**

# ಮುನ್ನುಡಿ

ಪ್ರತಿಯೊಂದು ಮಗು ಗುಣಾತ್ಮಕ ಶಿಕ್ಷಣವನ್ನು ಪಡೆದು ಭವಿಷ್ಯವನ್ನು ಉತ್ತಮವಾಗಿ ಕಟ್ಟಿಕೊಳ್ಳಲು ಶಾಲಾ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆಯು ಹಲವಾರು ಪ್ರಯತ್ನಗಳನ್ನು ಮಾಡುತ್ತಲೇ ಇರುತ್ತದೆ. ಪ್ರತಿಯೊಂದು ಮಗು ವೈಯಕ್ತಿಕ ಭಿನ್ನತೆಯನ್ನು ಹೊಂದಿದ್ದು ಅದಕ್ಕೆ ಅನುಗುಣವಾಗಿ ಶಿಕ್ಷಕರು ವಿವಿಧ ಕಲಿಕಾ ಬೋಧನಾ ವಿಧಾನಗಳನ್ನು ಅನುಸರಿಸಿ ಉತ್ತಮ ಕಲಿಕೆಗಾಗಿ ಶ್ರಮಿಸುತ್ತಾರೆ. ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳ ಕಲಿಕಾ ಗುಣಮಟ್ಟವನ್ನು ಪರೀಕ್ಷೆಗಳ ಮೂಲಕ ಮೌಲ್ಯಮಾಪನ ಮಾಡಲಾಗುತ್ತದೆ..

ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿ ಜೀವನದಲ್ಲಿ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆಯು ಒಂದು ಮಹತ್ವದ ಮೈಲುಗಲ್ಲಾಗಿದೆ. ಪ್ರತಿಯೊಬ್ಬ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಯು ಇದರಲ್ಲಿ ಯಶಸ್ಸನ್ನು ಪಡೆಯುವುದು ಅನಿವಾರ್ಯವಾಗಿದೆ. ಈ ಹಿನ್ನಲೆಯಲ್ಲಿ ಎಲ್ಲ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು ಉತ್ತಮ ಅಂಕಗಳನ್ನು ಪಡೆಯುವ ಮೂಲಕ ಉತ್ತೀರ್ಣರಾಗಿ ಮುಂದಿನ ಶಿಕ್ಷಣಕ್ಕೆ ಅರ್ಹತೆ ಸಾಧಿಸಬೇಕು ಎಂಬ ಉದ್ದೇಶದಿಂದ ಎಲ್ಲ ವಿಷಯಗಳಲ್ಲಿ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳಿಗೆ ಅನುಕೂಲವಾಗುವಂತೆ ಪೂರಕ ಸಾಹಿತ್ಯವಾಗಿ ಕಿರುಹೊತ್ತಿಗೆಯನ್ನು ಸಂಪನ್ಮೂಲ ಶಿಕ್ಷಕರು ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಿರುತ್ತಾರೆ. ಇವು ಮುಂಬರುವ ಪರೀಕ್ಷೆಯನ್ನು ಎದುರಿಸಲು ಹೆಚ್ಚು ಸಹಕಾರಿಯಾಗುತ್ತವೆ ಎಂಬ ವಿಶ್ವಾಸವಿದೆ. ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳ ವೈಯಕ್ತಿಕ ಭಿನ್ನತೆಯ ಕಲಿಕೆಯ ವೇಗಗಳ ಹಿನ್ನಲೆಯಲ್ಲಿ ಶಿಕ್ಷಕರು ಈ ಪೂರಕ ಸಾಹಿತ್ಯವನ್ನು ಮಾದರಿಯಾಗಿಸಿಕೊಂಡು ಉತ್ತಮ ಫಲಿತಾಂಶವನ್ನು ಪಡೆಯಲು ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳಿಗೆ ಮಾರ್ಗದರ್ಶನ ಮಾಡಲಿ ಹಾಗೂ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು ಈ ಕಲಿಕಾ ಸಂಪನ್ಮೂಲವನ್ನು ಸದುಪಯೋಗಪಡಿಸಿಕೊಂಡು ಪರೀಕ್ಷೆಯನ್ನು ಆತ್ಮವಿಶ್ವಾಸದಿಂದ ಎದುರಿಸಿ ಯಶಸ್ಸನ್ನು ಗಳಿಸಲಿ ಎಂದು ಹಾರೈಸುತ್ತೇನೆ.

ಎಸ್.ಎಸ್.ಕೆಳದಿಮಠ

ಉಪನಿರ್ದೇಶಕರು(ಆಡಳಿತ) ಶಾಲಾ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆ ಧಾರವಾಡ

कर्नाटक सरकार

## जिला पंचायत, धारवाड़
## उप निदेशक कार्यालय, स्कूल शिक्षा विभाग, धारवाड़

# मिशन विद्याकाशी कार्यक्रम

दसवीं कक्षा में धीमी गति से सीखनेवाले छात्रों के लिए हिंदी विषय का

# विद्या विश्वास शिक्षण सामग्री

## 2024-25







| क्र.सं. | विषय वस्तु | अंक योजना |
|---|---|---|
| 1. | कंठस्थ कविता - कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती | 4 अंक |
| 2. | पत्र – लेखन : छुट्टी पत्र | 5 अंक |
| 3. | अपठित गद्यांश | 4 अंक |
| 4. | मातृभाषा में अनुवाद | 3 अंक |
| 5. | बहुविकल्पीय प्रश्न – व्याकरण अंश | 8 अंक |
| 6. | अनुरूपता के प्रश्न | 4 अंक |
| 7. | भावार्थ - तुलसी के दोहे | 3 अंक |
| 8. | अति प्रमुख और संभवनीय प्रश्न | 9 अंक |
| | कुल योग | 40 अंक |

ವಿಶೇಷತೆಗಳು :

- ಸರಳ ಮತ್ತು ಸ್ಪಷ್ಟ ಪ್ರಶ್ನೋತ್ತರಗಳು
- ಪ್ರಮುಖ ಮತ್ತು ಸಂಭವನೀಯ ಪ್ರಶ್ನೋತ್ತರಗಳು
- QR Code ಬಳಸಿ ಧ್ವನಿ ಮೂಲಕ ಪ್ರಶ್ನೋತ್ತರಗಳ ಕಲಿಕೆ
- QR Code ಬಳಸಿ ಬುನಾದಿ ಮೂಲಾಕ್ಷರ ಮತ್ತು ವ್ಯಾಕರಣಾಂಶಗಳ ಕಲಿಕೆ

Scan or Click here
ಪಾಸಿಂಗ್ ಪ್ಯಾಕೇಜ್

Scan or Click here
ಬುನಾದಿ ಮೂಲಾಕ್ಷರಗಳು ಮತ್ತು ವ್ಯಾಕರಣಾಂಶಗಳು

## 1. कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती (कंठस्थ कविता) (4 अंक)

असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम ।

## 2. पत्र – लेखन : छुट्टी पत्र (5 अंक)

**प्रेषक,** **दिनांक:** 01-09-2024

अ. ब. क.
10 वी कक्षा
शारदा पाठशाला,
धारवाड ।

**सेवा में,**

प्रधान अध्यापक जी,
शारदा पाठशाला,
धारवाड ।

**महोदय,**

**विषय :** तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए ।

ऊपर्युक्त विषयानुसार आपसे निवेदन है कि **मेरे भाई की शादी है।** हम गदग जा रहे हैं। इसलिए आप मुझे दिनांक : 02-09-2024 से 04-09-2024 तक तीन दिन की छुट्टी देने की कृपा करें ।

**धन्यवाद ।**

**भवदीय,**
अ. ब. क.

XXXX
**अभिभावक के हस्ताक्षर**

**छुट्टी के लिए कुछ अन्य कारण :**

1) हमारे घर में त्योहार है । 2)मैं बीमार हूँ । 3)मेरी बहन की शादी है।

## 3. अपठित गद्यांश (नमूना) (4 अंक)

### 1) गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर **विशेष ध्यान** देना चाहिए । क्योंकि **सम्मानजनक** शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव **प्रचलित भाषा** का ही प्रयोग करना चाहिए । बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है । अतः **शिक्षक वर्ग** को शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए।

a) बातचीत करते समय हमें किस पर **विशेष ध्यान** देना चाहिए ?

b) बातचीत में **प्रचलित भाषा** का प्रयोग क्यों करना चाहिए ?

c) **सम्मानजनक** शब्द व्यक्ति को क्या बनाते हैं ?

d) **शिक्षक वर्ग** को शब्दों का चयन कैसे करना चाहिए ?

### 2) गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

महात्मा गांधीजी सत्य और अहिंसा के **पुजारी** थे। वे **सत्य** को भगवान मानते थे। **अहिंसा** को सबसे बड़ा धर्म **मानते** थे। उन्होंने बचपन से ही अंहिसा का पालना करना सीखा। उनके सत्यवादी बनने की घटना बड़ी रोचक है। दूसरे बालकों की तरह वे भी बचपन में जिद्द करते थे, झूठ बोलते थे, गलतियाँ भी करते थे। किंतु उन्हें एक बार राजा सत्य हरिश्चंद्र नाटक देखने का मौका मिला। वे उस नाटक से **अत्यंत प्रभावित** हुए। इस नाटक को देखने के बाद **गांधीजी** ने सत्यवादी बनने का **निश्चय** किया।

a ) गांधीजी किसके **पुजारी** थे ?

b ) **सत्य और अहिंसा** को गांधीजी क्या **मानते** थे ?

c ) गांधीजी किससे **अत्यंत प्रभावित** हुए ?

d ) **गांधीजी** ने क्या **निश्चय** किया ?

## 4. मातृभाषा में अनुवाद कीजिए : (3 अंक)

1. **कर्नाटक का प्राकृतिक सौंदर्य नयन मनोहर है । पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र है । दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ हैं ।**

   ಕರ್ನಾಟಕದ ಪ್ರಾಕೃತಿಕ ಸೌಂದರ್ಯ ನಯನ ಮನೋಹರವಾಗಿದೆ . ಪಶ್ಚಿಮದಲ್ಲಿ ವಿಶಾಲ ಅರಬ್ಬಿ ಸಮುದ್ರ ಇದೆ. ದಕ್ಷಿಣದಲ್ಲಿ ನೀಲಗಿರಿಯ ಪರ್ವತ ಶ್ರೇಣಿಗಳಿವೆ.

   The beauty of the nature of Karnataka is spectacular. There is a vast Arabian sea in the West. There are Neelgiri hills in the South.

2. **प्रकृति हमारी माता है। इसलिए हमें प्राकृतिक संपत्ति का सदुपयोग करना चाहिए। अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है।**

   ಪ್ರಕೃತಿ ನಮ್ಮ ಮಾತೆ . ಆದ್ದರಿಂದ ನಾವು ಪ್ರಾಕೃತಿಕ ಸಂಪತ್ತನ್ನು ಸದುಪಯೋಗ ಪಡಿಸಿಕೊಳ್ಳಬೇಕು . ನಮ್ಮ ಪರಿಸರವನ್ನು ಸ್ವಚ್ಛವಾಗಿಟ್ಟುಕೊಳ್ಳುವುದು ನಮ್ಮ ಕರ್ತವ್ಯವಾಗಿದೆ.

   Nature is our Mother. So we have to make good use of natural resources. Keeping the environment clean is our duty.

3. **इंटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं । कोई भी बिल भर सकते हैं । इससे दूकान जाने और लाइन में घंटों खड़े रहने का समय बच सकता है ।**

   ಅಂತರ್ಜಾಲದ ಮೂಲಕ ಮನೆಯಲ್ಲಿಯೇ ಕುಳಿತುಕೊಂಡು ಖರೀದಿಯನ್ನು ಮಾಡಬಹುದು . ಯಾವುದೇ ಬಿಲ್ಲಗಳನ್ನು ಕಟ್ಟಬಹುದು . ಇದರಿಂದ ಅಂಗಡಿಗೆ ಹೋಗುವ ಮತ್ತು ಸರತಿಯಲ್ಲಿ ಗಂಟೆಗಟ್ಟಲೆ ನಿಲ್ಲುವ ಸಮಯ ಉಳಿಯುತ್ತದೆ.

   Through internet we can purchase by sitting at home. Can pay any kind of bills. From this the time spent on going to shops and standing in queue for hours can be saved.

4. **गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती, अतः गिल्लू की जीवन-यात्रा का अंत आ ही गया । दिन भर उसने न कुछ खाया, न वह बाहर गया ।**

   **ಅಳಿಲುಗಳ ಜೀವಿತಾವಧಿ ಎರಡು ವರ್ಷಕ್ಕಿಂತ ಅಧಿಕ ಇರುವುದಿಲ್ಲ. ಹಾಗಾಗಿ ಗಿಲ್ಲೂನ ಜೀವನ ಯಾತ್ರೆಯ ಅಂತ್ಯವೂ ಸಹ ಬಂದೇ ಬಿಟ್ಟಿತ್ತು. ಇಡೀ ದಿನ ಅದು ಏನನ್ನೂ ತಿನ್ನಲೂ ಇಲ್ಲ, ಹೊರಗಡೆಯೂ ಹೋಗಲಿಲ್ಲ.**

   The life span of squirrels is not more than 2 years, so Gillu's life journey came to an end. He neither ate anything nor went out the whole day.

## 5. बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) – व्याकरण अंश (8 अंक)

**(विशेष सूचना :- ये सिर्फ नमूने हैं– आप पाठों के पीछे दिए गये इन सभी व्याकरणांशों को पढ़ीए।)**

1. ' विनय ' शब्द का विलोम रुप है ।

A) सविनय **B) अविनय** C) विनय D) विनम्र

2. ' सीखना ' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक रुप है।

A) सीखना B) सीख **C) सिखाना** D) सिखवाना

3. निम्नलिखित में से 'स्त्रीलिंग' शब्द है ।

A) मयूर B) लडका C) दुबला **D) मोरनी**

4. निम्नलिखित में से 'एकवचन' शब्द है ।

**A) आँख** B) बातें C) आँखें D) डंडे

5. निम्नलिखित में से 'गुण संधि' का उदाहरण है ।

A) वधूत्सव B) अत्यधिक C) एकैक **D) महोत्सव**

6. 'माता-पिता ' शब्द में समास है ।

A) तत्पुरुष B) अव्ययीभाव **C) द्वंद्व** D) द्विगु

7. बडा अच्छा सवाल है !

इस वाक्य में निहित विराम चिह्न है ।

A) पूर्ण विराम **B) विस्मयादिबोधक** C) अर्ध विराम D) प्रश्न वाचक

8. ' सुराही....... लेट जाता । ' रिक्त स्थान केलिए सही कारक है।

**A) पर** B) से C) को D) के लिए

## प्रेरणार्थक क्रिया शब्द

| क्र.सं | क्रिया [ ना ] | प्रथम प्रेरणार्थक रूप [ आ ] | द्वितीय प्रेरणार्थक रूप [ वाना ] |
|---|---|---|---|
| 1. | चलना | चलाना | चलवाना |
| 2. | समझना | समझाना | समझवाना |
| 3. | जागना | जगाना | जगवाना |
| 4. | पीना | पिलाना | पिलवाना |
| 5. | जीतना | जिताना | जितवाना |
| 6. | देखना | दिखाना | दिखवाना |
| 7. | देना | दिलाना | दिलवाना |
| 8. | बैठना | बिठाना | बिठवाना |
| 9. | सोना | सुलाना | सुलवाना |
| 10. | लौटना | लौटाना | लौटवाना |

## विराम चिह्न

| क्र.सं | विराम चिह्न | संकेत | उदाहरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पूर्ण विराम | । | अर्शद लिख रहा है। |
| 2. | अल्प विराम | , | गीता, प्रिया और सलमा आ रहे हैं। |
| 3. | प्रश्न चिह्न | ? | आप कहाँ जा रहे हैं ?<br>**(प्रश्न सूचक शब्द : क्या, कहाँ ,कब, क्यों आदि )** |
| 4. | विस्मयादिबोधक चिह्न | ! | वाह ! कितना सुंदर फूल है। |
| 5. | योजक चिह्न | – | फल–फूल , रात–दिन, माता-पिता |

## विरुद्धार्थक / विलोम शब्द

| | |
|---|---|
| वरदान x अभिशाप | बढ़ना x घटना |
| निकट x दूर | भीतर x बाहर |
| होश x बेहोश | रोज़गार x बेरोज़गार |
| आगमन x निर्गमन | खरीदना x बेचना |
| आयात x निर्यात | सज्जन x दुर्जन |

## लिंग शब्द

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|---|---|
| लेखक | लेखिका | मोर | मोरनी | बेटा | बेटी |
| बालक | बालिका | मयूर | मयूरिन | नर | मादा |
| सेवक | सेविका | मालिक | मालकिन | आदमी | औरत |
| गायक | गायिका | सुनार | सुनारिन | महान | महती |
| नौकर | नौकरानी | ठाकुर | ठकुराइन | कवि | कवयित्रि |
| सेठ | सेठानी | छात्र | छात्रा | दाता | दात्री |
| भिखारी | भिखारिन | आचार्य | आचार्या | विधाता | विधात्री |

## संधि शब्द

| दीर्घ संधि [ आ, ई, ऊ ] | गुण संधि [ ए, ओ ] | वृध्दि संधि [ ऐ, औ ] | यण संधि [ संयुक्ताक्षर - त्य, न्व, त्र.....] | अयादि संधि [ मध्य अक्षर – य / व -से संबंधित ] |
|---|---|---|---|---|
| संग्रहालय ( आ ) | गणेश ( ए ) | एकैक ( ऐ ) | मन्वंतर ( न्वं ) | नयन ( य ) |
| कवींद्र ( ई ) | परमेश्वर ( ए ) | सदैव ( ऐ ) | इत्यादि ( त्या ) | गायक ( य ) |
| सहानुभूति ( आ ) | परोपकार ( ओ ) | परमौज ( औ ) | स्वागत ( स्वा ) | भवन ( व ) |
| लघूत्तर ( ऊ ) | महोत्सव ( ओ ) | वनौषध ( औ ) | पित्रुपदेश ( त्रु ) | पावन ( व ) |

## समास शब्द

| 1. द्वंद्व समास | 2. द्विगु समास | 3. तत्पुरुष समास | 4. बहुव्रीहि समास | 5. कर्मधारय समास | 6.अव्ययीभाव समास |
|---|---|---|---|---|---|
| योजक चिह्न ( – ) | संख्या तथा समूहवाची शब्द | कारक का लुप्त होना | देवी देवताओं-के नाम | तुलना करना (विशेषण-विशेष्य उपमान-उपमेय) | पूर्व पद को अव्यय लगाना |
| दुबला-पतला | नवरात्री | राजवंश | घनश्याम | चंद्रमुख | आजन्म |
| देश – विदेश | चौमास | जलप्रपात | श्वेतांबरी | कनकलता | बेहोश |
| माता-पिता | शताब्दी | राजमहल | लंबोदर | सद्धर्म | यथासंभव |
| पाप – पुण्य | पंचवटी | सुविधानुसार | चक्रपाणि | करकमल | अनजाने |

| वचन शब्द | | | |
|---|---|---|---|
| एक वचन | बहु वचन | एक वचन | बहु वचन |
| परिवार | परिवार | आँख | आँखें |
| घर | घर | कला | कलाएँ |
| पैसा | पैसे | योजना | योजनाएँ |
| लिफाफा | लिफाफे | कविता | कविताएँ |
| परदा | परदे | खबर | खबरें |
| रूपया | रूपये | कहानी | कहानियाँ |
| लोग | लोग | उपाधि | उपाधियाँ |
| कमरा | कमरे | गाली | गालियाँ |
| कवि | कवि | किताब | किताबें |
| दोस्त | दोस्त | कोशिश | कोशिशें |

| कारक और उसके चिह्न | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं | कारक | कारक के चिह्न | वाक्य |
| 1 | कर्ता | ने | अध्यापक ने मुझे रोक दिया । |
| 2 | कर्म | को | पुलिस ने चोर को पकडा । |
| 3 | करण | से<br>(क्रिया को सहाय करनेवाले साधन का बोध ) | रेहान कलम से लिख रहा है |
| 4 | संप्रदान | के लिए, के द्वारा, के वास्ते | नेहा शोभा के लिए पुस्तक लायी ।<br>मैं आपके वास्ते आई । |
| 5 | अपादान | से<br>(क्रिया का हटना/दूर होने का बोध ) | पेड़ से फल गिरा । |
| 6 | संबंध | का, के, की | सरोवर का पानी स्वच्छ है ।<br>सोहन के दादा शिक्षक थे ।<br>सीता की माँ का नाम सावित्री है । |
| 7 | अधिकरण | में ,पर | आकाश में तारे चमकते हैं ।<br>पेड पर अनेक पंछी बैठे हैं । |
| 8 | संबोधन | अरे!, हे ! , ओ ! , वाह ! | अरे! यह क्या हो गया ?<br>वाह, कितना सुंदर नजारा है ! |

## 6. अनुरूपता के प्रश्न (4 अंक)

**(विशेष सूचना :- ये सिर्फ नमूने हैं– आप सभी पाठों के अनुरूपता के प्रश्न पढिए।)**

1. मातृभूमि : भगवतीचरण वर्मा : : समय की पहचान : ____________**(सियारामशरण गुप्त)**
2. पताका : न्याय का प्रतीक : : दीप : ________________**(ज्ञान का प्रतीक)**
3. सेब बेचनेवाला : बेईमान निकला: : रेवडी बेचनेवाला : _____________**(ईमानदार निकला)**
4. बसंत की सच्चाई : ईमानदारी का महत्व :: कश्मीरी सेब : __________**(खरीदारी का महत्व)**
5. बाल-शक्ति : लघु नाटिका : : गिल्लू : _________________ **(रेखाचित्र)**
6. गिल्लू की आँखें : चमकीली : : गिल्लू की पूँछ : ____________**(झब्बेदार)**
7. इंटरनेट हैकिंग : अभिशाप : : इंटरनेट बैंकिंग : _____________**(वरदान)**
8. मछली : तैरना : : साँप : _____________**(रेंगना)**
9. सक्सेना परिवार का रोबोट : रोबोनिल : : शर्मा परिवार का रोबोट : _________**(रोबोदीप)**
10. बलराम : चुगलखोर : : बालकृष्ण : ______________**(भोला-भाला)**

## 7. भावार्थ - तुलसी के दोहे (3 अंक)

**मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक ।**
**पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।**

✦ **भावार्थ :** मुखिया को मुख के समान होना चाहिए। मुख खाने-पीने का काम अकेला करता है और शरीर के सकल अंगो का पालन-पोषण करता है । तुलसीदास जी कहते हैं कि मुखिया को भी विवेकवान बनकर काम का फल सभी में बाँटना चाहिए।

**दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।**
**तुलसी दया न छाँडिये, जब लग घट में प्राण ।।**

✦ **भावार्थ :** दया धर्म का मूल है। अभिमान पाप का मूल है। तुलसीदास जी कहते हैं कि जब तक शरीर में प्राण है तब तक दयालु बने रहना चाहिए।

**राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।**
**तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।**

✦ **भावार्थ :** तुलसीदास जी कहते हैं कि जिस तरह देहरी पर दिया रखने से घर के भीतर और बाहर प्रकाश फैलता है, उसी तरह राम-नाम जपने से मानव की आंतरिक और बा ह्य शुध्दि होती है।

# 8. प्रमुख और संभवनीय प्रश्न

## 1. मातृभूमि (कविता)
### कवि:- भगवतीचरण वर्मा

**1. मातृभूमि को अमरों की जननी क्यों कहते हैं ?**

- मातृभूमि के उर में गांधी, बुद्ध और राम जैसे महान विभूतियाँ शायित हैं। इसलिए मातृभूमि को अमरों की जननी कहते हैं।

**2. कविता में भारत माँ के प्रकृति-सौंदर्य को कैसे वर्णन किया गया है ?**

- भारत के खेत हरे-भरे सुहाने हैं।
- वन-उपवन फल-फूलों से युत हैं।
- मातृभूमि के अंदर व्यापक खनिज भरा हुआ है।

**3. कविता में भारत माँ के स्वरूप को कैसे वर्णित किया गया है ?**

- भारत माँ के उर में गांधी, बुद्ध और राम शायित हैं।
- भारत माँ के एक हाथ में न्याय का पताका है।
- दूसरे हाथ में ज्ञान का दीप है।

## 2. कश्मीरी सेब – (कहानी)
### लेखक : प्रेमचंद

**1. लेखक चीजें खरीदने कहाँ गये और उन्हें वहाँ क्या नजर आये?**

- लेखक चीजें खरीदने चौक में गये और उन्हें वहाँ रंगदार गुलाबी सेब नजर आये।

**2. आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है ?**

- आजकल शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटीन के बारे में विचार किया जाता है।

**3. कश्मीरी सेब पाठ का आशय क्या है ?**

- पाठ का आशय यह है कि खरीदारी करते समय सावधानी बरतना चाहिए। कभी किसी को धोखा नहीं देनी चाहिए।

# 3. गिल्लू – (रेखाचित्र)

## लेखिका : महादेवी वर्मा

**1. गिल्लू के कार्य-कलाप के बारे में लिखिए।**

- ✦ **लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए** गिल्लू उनके पैर तक आकर सर्र से परदे पर चढ़ता था।
- ✦ **लेखिका को चौंकाने के लिए कभी-कभी गिल्लू** फूलदान के फूलों में, कभी परदे की चुन्नट में और कभी सोनजुही की पत्तियों में छिप जाता था।
- ✦ लेखिका के थाली के पास बैठकर एक-एक चावल उठाकर खाता था।
- ✦ गिल्लू अपने झूले में बैठकर स्वयं झूलता था।

**2. लेखिका की गैर हाजरी में गिल्लू का बर्ताव कैसा था? ?**

- ✦ **लेखिका की गैर हाजरी में गिल्लू** कमरे के दरवाजा खोलने पर दौडकर आता था फिर कोई अन्य व्यक्ति को देखकर अपने झूले में जा बैठता था। उन दिनों गिल्लू अपना प्रिय खाद्य काजू भी बहुत कम खाता था।

**3. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।**

- ✦ गिल्लू अपने अंतिम दिनों में न कुछ खाया न बाहर गया उसके पंजे ठंडे होने लगे। लेखिका ने हीटर जलाकर उसे उष्णता दी। लेकिन प्रभात के पहली किरण के समय गिल्लू ने अंतिम साँस ली।

# 4. अभिनव मनुष्य – (कविता)

## कवि रामधारीसिंह 'दिनकर'

**1. आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है ?**

- ✦ आधुनिक पुरुष ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय पायी है।

**2. आज मनुज का यान कहाँ जा रहा है ?**

- ✦ आज मनुज का यान गगन में जा रहा है।

**3. कविता में दिनकर जी ने आधुनिक मानव की भौतिक साधना का परिचय कैसे किया है ?**

- ✦ आज के मानव के हाथों में जल, विद्युत और भाप बँधे हुए हैं।
- ✦ पवन का ताप मानव के हुक्म पर चढ़ता-उतरता है।
- ✦ आज मानव एक समान नदी, पर्वत और सागर लाँघ सकता है।

**4. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?**

- ✦ मानव-मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़ना।
- ✦ आपस की दूरी को मिटाना। भाईचारे को समझना।
- ✦ स्वयं को पहचानना।

## 5. मेरा बचपन – (आत्मकथा)

### लेखक : डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

**1. कलाम जी का बचपन 'सादगी और निश्चिंतता' से बीतने का कारण क्या था ?**

- ✦ कलाम जी के पिता जैनुलाबदीन आडंबरहीन व्यक्ति थे ।
- ✦ अनावश्यक एवं ऐशो-आरामवाली चीज़ों से दूर रहते थे ।
- ✦ घर में सभी आवश्यक चीज़ें समुचित मात्रा में उपलब्द थी ।

**2. आशियम्मा जी, अब्दुल कलाम को खाने में क्या-क्या देती थीं ?**

- ✦ आशियम्मा, अब्दुल कलाम जी के सामने केले का पत्ता बिछाती थीं ।
- ✦ उस पर चावल, सुगंधित और स्वादिष्ट सांबार डालती थीं ।
- ✦ घर का बना अचार तथा नारियल की ताज़ी चटनी भी देती थीं ।

**3. जैनुलाबदीन नमाज के बारे में क्या कहते थे?**

- ✦ जैनुलाबदीन कहते हैं – "जब तुम नमाज पढते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो, जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता" ।

**4. जैनुलाबदीन ने कौनसा काम शुरू किया?**

- ✦ जैनुलाबदीन ने ठेकेदार अहमद जलालुद्दीन के साथ समुद्र तट के पास लकडी की नौकाएँ बनाने का काम शुरू किया । ये नौकाएँ तीर्थयात्रियों को रामेश्वमरम्से धनुषकोडि ले जाने में काम आती थी ।

## 6. बसंत की सच्चाई – (एकांकी)

### लेखक : विष्णु प्रभाकर

**1. बसंत के स्वाभिमानी और ईमानदारी गुण का परिचय दीजिए ।**

- ✦ बसंत एक गरीब शरणार्थी लड़का है । वह एक ईमानदार और स्वाभिमानी लड़का है ।
- ✦ पंडित राजकिशोर जी से भीख लेने से इनकार करता है ।
- ✦ मेहनत से पैसा कमाना चाहता है ।
- ✦ दुर्घटना में घायल होने पर भी भाई प्रताप को राजकिशोर जी के घर पैसे लौटाने भेजता है ।

**2. पंडित राजकिशोर के परोपकारी गुणों का परिचय दीजिए ।**

- ✦ पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता थे और गरीबों की सहायता करते थे ।
- ✦ बसंत की मदद करने के लिए उससे एक छलनी खरीदते हैं ।
- ✦ बसंत की दुर्घटना के बारे में सुनकर तुरन्त उसकी मदद के लिए जाते हैं ।
- ✦ डॉक्टर को बुलाकर बसंत का इलाज करवाते हैं और अस्पताल भी भिजवाते हैं ।

# 8. इंटरनेट क्रांति – (निबंध)

**1. इंटरनेट का अर्थ क्या है?**

✦ इंटरनेट अनगिनत कंप्यूटरों के कई अंतर्जालों का एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का एक जाल है। यह विश्वव्यापी कंप्यूटरों का अंतर्जाल है ।

**2. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है?**

✦ इंटरनेट के द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं। कोई भी बिल भर सकते हैं। इंटरनेट बैंकिंग द्वारा कही भी, कितनी भी रकम भेज सकते हैं।

**3. ई गवर्नेन्स क्या है?**

✦ **ई-गवर्नेन्स** से सरकार के सभी कामकाज का विवरण, अभिलेख, आदेश आदि का यथावत विवरण लोगों को मिलता है । इससे प्रशासन पारदर्शी बनता है ।

**4. सोशियल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है। कैसे?**

✦ सोशल नेटवर्किंग ने दुनिया भर के लोगों को एक साथ जोडा है। इसके कई साईटस है जैसे- फेसबुक, आरर्कुट, लिंकडइन, ट्वीटर, वाट्सएप आदि। इनसे देश-विदेश के लोगों की रहन सहन, वेश-भूषा, खान-पान, संस्कृति और कला का प्रभाव शीघ्रता से समाज पर पड रहा है ।

5. संचार व सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट का क्या योगदान है ?

✦ इंटरनेट से विचार, स्थिर चित्र, वीडियो चित्र भेज सकते हैं ।

✦ इंटरनेट के बिना संचार व सूचना दोनों ही क्षेत्र ठप पड़ सकते हैं ।

# 9. ईमानदारों के सम्मेलन में – (व्यंग्य रचना)

## लेखक : हरिशंकर परसाई

**1. परसाई जी ने मंत्री को क्या समझाया ?**

✦ मंत्री जी पुलिस को बुलाकर तलाशी करवाने की बात कहते है, तो परसाई जी समझाते हैं कि "ऐसा हरगिज मत करिये । ईमानदारों के सम्मेलन में पुलिस ईमानदारों की तलाशी ले, यह बडी अशोभनीय बात होगी"।

**2. चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलिगेट ने लेखक को क्या सुझाव दिया?**

✦ चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलिगेट ने सुझाव दिया कि "देखिए चप्पलें एक जगह पर नहीं उतारनी चाहिए। एक चप्पल यहाँ उतारिये, तो दूसरी दस फीट दूर। तब चप्पलें चोरी नहीं होती। एक ही जगह जोडी होगी, तो कोई भी पहन लेगा "।

**3. परसाई जी ने कमरा छोडकर जाने का निर्णय क्यों लिया ?**

✦ सम्मेलन में लेखक के चप्पलें, धूप का चशमा, कमरे के चादर -कंबल, यहाँ तक की ताला भी चोरी हो गये। लेखक ने सोचा 'अब मैं बचा हूँ। अगर रुका तो मैं ही चुरा लिया जाऊँगा।' इसलिए उन्होंने कमरा छोडने का निर्णय लिया ।

## 10. दुनिया में पहला मकान (लेख)

### लेखक : डॉ. विजया गुप्ता

**1. आदिवासी दोस्तों ने जानवरों से मकान बनाना कैसे सीखा ?**

✦ आदिवासी दोस्त मकान बनाना सीखने के लिए जंगल में जाते हैं । वहाँ –

- **हाथी ने कहा –** लकड़ी के इतने मोटे और मजबूत गोले काट लो, जितने मेरे पैर हैं ।
- **साँप ने कहा –** इतनी पतली और लंबी लकडी काटना जितना मेरा शरीर है ।
- **भैंस ने कहा –** चार मोटे गोले जमीन में गाड़कर उन पर पतली और लंबी लकडियों से छप्पर का पंजर बना लो जैसे भैंसा के पंजर है ।
- **मछली ने काहा –** पेड़ की पत्तियों को छप्पर पर ऐसे बिछा दो जैसे मेरे शरीर पर पट्टियाँ है ।

## 11. समय की पहचान (कविता)

### कवि: सियारामशरण गुप्त

**1. कवि के अनुसार 'समय का सदुपयोग' कैसे करना चाहिए ?**

✦ समय अनमोल है ।
✦ समय को नष्ट नहीं करना है ।
✦ आलस्य को छोड़ना चाहिए ।
✦ हर समय सुसमय होता है ।

**2. कविता के अंतिम चार पंक्तियों में कवि क्या कहते हैं ?**

✦ काम मन लगाकर करना चाहिए ।
✦ आत्मा पर विश्वास करना चाहिए ।
✦ संदेह को भगाना चाहिए ।
✦ हर समय सुसमय होता है इसे खोने पर पछताना पड़ेगा ।

# 12. रोबोट (कहानी)

## लेखक : डॉ. प्रदीप मुख्योपाध्याय 'आलोक'

**1. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?**

- ✦ सुबह का नाश्ता बनाने, मेहमानों के स्वागत में द्वार खोलने।
- ✦ बच्चों को कहानियाँ सुनाने और होमवर्क कराने।
- ✦ वर्ड प्रोसेसर पर काम करने और परिवार के कुत्ते शेरू को घुमाने के लिए जरूरत थी।

# 13. महिला की साहस गाथा - (व्यक्ति परिचय)

**1. बचेंद्री को कौन-सा गौरव प्राप्त हुआ ?**

✦ बचेंद्री को एवरेस्ट पर चढनेवाली पहली भारतीय महिला होने का गौरव प्राप्त है।

**2. कर्नल ने बधाई देते हुए बचेंद्री से क्या कहा ?**

✦ कर्नल ने बधाई देते हुए बिछेंद्री से कहा – "देश को तुम पर गर्व है।

**3. बचेंद्री के बचपन और शिक्षा के बारें लिखिए।**

✦ बिछेंद्री को अपने बचपन में 5 किलोमिटर पैदल चलकर स्कूल जाना पडता था। यह परिश्रम पर्वातारोहण प्रशिक्षण में बहुत काम आया। उन्होने सिलायी का काम करके अपनी पढ़ाई का खर्चा जुटाया। इस तरह उन्होने सस्कृत में एम,ए, और बी.एड्. तक की शिक्षा प्राप्त कर ली।

# 14. सूर-श्याम (पद)

## कवि : सूरदास

**1. बालकृष्ण अपनी माता यशोदा से क्या-क्या शिकायतें करता है?**

- ✦ भाई बलराम बहुत चिढ़ाता है।
- ✦ बलराम कहता है 'तुम्हें माँ यशोदा ने जन्म नहीं दिया है, बल्कि मोल लिया गया है।
- ✦ बलराम बार-बार पूछता है कि तुम्हारे माता-पिता कौन है।
- ✦ बलराम कहता है - नंद और यशोदा गोरे हैं, लेकिन तुम क्यों काले हो।

**2. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है?**

- ✦ यशोदा सांत्वन देते हुए कहती है - "हे कृष्ण ! सुनो। बलराम जन्म से चुगलखोर है।
- ✦ मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ, मैं ही तेरी माता हूँ और तुम मेरे पुत्र हो।"

# 15. कर्नाटक संपदा (निबंध)

**1. बाँध और जलाशयों का क्या उपयोग है ?**

✦ नदियों पर बनाए गये बाँधों से हजारों एकड जमीन सींची जाती है। जलाशयों की सहायता से ऊर्जा-उत्पादन केंद्र स्थापित किये गये हैं ।

**2. कर्नाटक राज्य की प्राकृतिक सुषमा** का **वर्णन कीजिए ।**

✦ कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है ।
✦ कर्नाटक के पश्चिम दिशा में अरबी समुद्र है ।
✦ दक्षिण से उत्तर तक पश्चिमी घाट हैं ।
✦ दक्षिण में नीलगिरी पर्वतावलियाँ हैं ।

**3. कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का परिचय दीजिए ।**

✦ कर्नाटक में बादामी,ऐहोले, बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर की शिल्पकला अनोखी है ।
✦ श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा है ।
✦ विजयपुर के व्हिस्परिंग गैलरी की वास्तुकला अनोखी है ।
✦ मैसूर का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है ।

**4. कन्नड भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है ?**

✦ वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे।
✦ अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ ने वचनों से दया-धर्म की सीख दी।
✦ पुरंदरदास, कनकदास ने भक्ति, नीति, सदाचार के गीत गायें।
✦ पंप, रन्न, पोन्न, कुमारव्यास, हरिहर, राघवांक ने कन्नड साहित्य को समृद्ध बनाया ।
✦ आठ ज्ञानपीठ पुरस्कृत साहितियों ने कर्नाटक के वैभव को बढाया ।

# बाल-शक्ति (लघु नाटिका)

## लेखक : जगतराम आर्य

**1. बाल-शक्ति टोली** ने **गाँव को 'आदर्श ग्राम' कैसे बनाया ?**

✦ बाल-शक्ति टोली के बच्चे पाठशाला की सफाई करते हैं ।
✦ रोज़ एक घंटा गाँव की सफाई करते हैं ।
✦ रास्ते के गड्ढोंको मिट्टी से ढाँपना है ।
✦ गाँव के चारों तरफ़ पेड़-पौधे लगाकर हरा-भरा रखते हैं ।

**2. कलेक्टर साहब ने बच्चों की तारीफ कैसे की ?**

- ✦ कलेक्टर साहब ने बच्चों की बड़ाई में कहा – इन बच्चों की जितनी तारीफ करें, उतनी कम है।
- ✦ इन सब ने गाँव को स्वच्छ वातावरण दिया है ।
- ✦ इनसे गाँव को एक नया जीवन मिला है और यह गाँव 'एक आदर्श गाँव' बन गया है ।

## 1. शनि : सबसे सुंदर ग्रह

### (पूरकवाचन पाठ )

**1. शनि किसका पुत्र है ? उसे शनैःचर क्यों कहते है ?**

- ✦ शनि सूर्य का पुत्र है । आकाश के गोले पर यह ग्रह बहुत धीमी गति से चलता दिखाई देता है ।

**2. शनि सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह है । कैसे?**

- ✦ शनि ग्रह के चारों ओर वलय दिखाई देते हैं ।
- ✦ हमें लगता है कि प्रकृति ने इसके गले में खबसूरत हार डाल दिया है ।
- ✦ इन वलयों ने इसे सौरमंडल का सबसे सुंदर एवं मनोहर ग्रह बनाया है ।

**3. शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है?**

- ✦ शनि का वायुमंडल- हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना है ।
- ✦ हम केवल शनि के बाहरी वायुमंडल को ही देख सकते हैं ।

## 2. सत्य की महिमा

### (पूरकवाचन पाठ )

**1. सत्य क्या होता है? उसका रूप कैसे होता है?**

- ✦ सत्य बहुत भोला भाला, बहुत ही सीधा –सादा होता है।
- ✦ जो देखा उसे बिना नमक मिर्च लगाए बोल देना सत्य है।
- ✦ यह दृष्टि का प्रतिबिंब है, ज्ञान की प्रतिलिपि है आत्मा की वाणी है ।

**2. सत्य के बारें में महात्मा गाँधीजी का क्या कथन है?**

- ✦ महात्मा गाँधीजी कहते हैं कि " सत्य एक विशाल वृक्ष है।
- ✦ उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं ।
- ✦ उनका अंत नहीं होता ।

# कर्नाटक का वैभव (निबंध)

★ **प्रस्तावना :** कर्नाटक राज्य भारत देश का प्रगतिशील राज्य है। कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु है। यहाँ कन्नड भाषा बोली जाती है। यह प्रकृति , संकृति, शिल्पकला, साहित्य, प्रौद्योगिक, तकनीक आदि से समृद्ध है।

★ **प्राकृतिक सुषमा :** कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है। कर्नाटक में सह्याद्री और निलगिरी की पर्वतावलियाँ हैं। यहाँ कावेरी, कृष्णा, तुंग-भद्रा आदि नदी बहती हैं।

★ **शिल्पकला और वास्तुकला :** कर्नाटक राज्य की शिल्पकला और वास्तुकला अनोखी है। बादामी , ऐहोले, पट्टदकल्लु, बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर मंदिरों की शिल्पकला और श्रवणबेलगोल के गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा की तथा विजयपुर के व्हिस्परिंग गैलरी की वास्तुकला अद्भुत है।

★ **साहित्यकार :** कन्नड़ भाषा तथा संस्कृति के लिए कर्नाटक के साहित्यकारों की देन अपार है। वचनकार बसवण्णा, अक्कमहादेवी, पुरंदरदास, पंपा, राघवांक, कुवेम्पु, द.रा.बेंद्रे, शिवराम कारंत, आदि कवियों अपनी रचनाओं द्वारा कन्नड़ साहित्य को समृध्द बनाया है।

★ **उपसंहार :** कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा, साहित्यिक वैभव, ज्ञान-विज्ञान क्षेत्र की प्रगति अपार है। देश-विदेश के लोग ने कर्नाटक की तकनीकी के विकास का मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हैं।

Scan or Click here

ಪಾಸಿಂಗ್ ಪ್ಯಾಕೇಜ್

Scan or Click here

ಬುನಾದಿ ಮೂಲಾಕ್ಷರಗಳು ಮತ್ತು ವ್ಯಾಕರಣಾಂಶಗಳು

**▬ ▬ ▬ धन्यवाद ▬ ▬ ▬**